an>

title: Demand for direct bank transfer of pensions in Andaman and Nicobar islands and increase the existing amount of pension.

श्री बिÂष्णु पद राय (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह) : महोदया, आपने मुझे आज बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। आज मेरे पास अवसर है, श्रीमती मेनका जी भी पार्लियामेंट में बैठी हैं। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पिछले मार्च 2017 से विधवा माँओं को, परित्यक्ता पत्नियों को जो दो हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन मिलती थी, वह बन्द हो चुकी है। यह एक सामान्य बात हो चुकी है। चार भत्ते होते हैं, विधवा भत्ता, हैन्डीकैप भत्ता, विडोज भत्ता है और डेस्टिट्यूट का भत्ता होता है। इनकी पेंशन टाइम पर बैंक में नहीं जाती है। बूढ़ी माँ, बूढ़े बाबा गाँव से पैदल चलकर, गाड़ी-खच्चर करके बैंक में लाइन लगाकर खड़े रहते हैं, वे पूरे दिन खड़े रहते हैं, लेकिन उन्हें पेंशन नहीं मिल पाती है। मैं आपसे आग्रह करता हूँ कि अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के लिए एक बार आपकी तरफ से हमारी सरकार का ध्यान आकर्षित कराया जाये। वे दोबारा लाइन में खड़े होने के लिए न जायें, इसलिए उनकी पेंशन मिलने से पहले, जब पेंशन का पैसा बैंक में क्रेडिट हो, उस समय एक एसएमएस उन्हें चला जाये, तो ठीक रहेगा। उन्हें एसएमएस चला जायेगा, पैसा उनके खाते में आ जायेगा, तो उन्हें लाइन नहीं लगानी पड़ेगी। आखिर में मैं कहना चाहता हूँ कि उनकी दो हजार रुपये पेंशन बहुत लम्बे समय से चली आ रही है। उसमें बढ़ोत्तरी नहीं हुई है। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में सामान का दाम दुनिया में नम्बर वन में है, इतना दाम कहीं नहीं है। मैं आपके माध्यम से हमारी सरकार से आग्रह करूँगा। आप माँ के रूप से एक बार सरकार को बोल देंगी, तो अंडमान का काम पूरा हो जायेगा।

माननीय अध्यक्ष : बोल देंगे।

श्री बिÂष्णु पद राय : उनका भत्ता दो हजार रुपये से बढ़ाकर तीन हजार रुपये कर दें और उन्हें टाइम पर पेंशन मिल जाये। जय हिन्द, भारत माता की जय।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री बिष्णु पद राय जी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

The House stands adjourned to meet again at 14.00 hours.

<u>13.09 hours</u>

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock.